समाचार

महापौर ने किया साकेत में ध्वजारोहण

(सभापति, आयुक्त, एम.आई.सी.सदस्य, पार्षद, एल्डरमेन सहित निगम के अधिकारी कर्मचारियों की रही उपस्थिति)

कोरबा 15 अगस्त 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय, निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य, पार्षद व एल्डरमेनगण तथा निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने स्वतंत्रता दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम भाग्यशाली है कि हम आजाद भारत में रह रहे हैं, यह आजादी हमें बहुत कठिनाईयों के बाद प्राप्त हुई है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति के हित में राज्य सरकार कार्य कर रही है तथा गांव, किसान, मजदूर के साथ सभी वर्गो का विकास हो रहा है। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि हम संविधान के अनुसार अपने–अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, इस आजादी को सुरक्षित रखें, निगम के अधिकारी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं तथा शासन की योजनाओं का सही क्रियान्वयन उनके द्वारा किया जा रहा है, जिसके लिए मैं अधिकारी कर्मचारियों को साधुवाद देता हूॅं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें यह आजादी भारत मॉ के वीर सपूतों के बलिदान से मिली है, उन महान शहीदों का सपना था कि हमारा भारत एक महान देश बने तथा गरीबी व अशिक्षा से मुक्त हों, लोग ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होने आगे कहा कि नगर निगम कोरबा सेवा का कार्य करता है, नागरिकों को सुविधाएं देता है, सभी अधिकारी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हुए

देश व प्रदेश की प्रगति में अपना योगदान दें, मैं यही कामना करता हूॅ तथा स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देता हूॅ।

उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत – जिला स्तर पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य हेतु नगर निगम कोरबा के सहायक अभियंता योगेश राठौर तथा राजस्व अधिकारी राजबहादुर सिंह को प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के हाथों पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार निगम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर निगम कोरबा के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया। महापौर श्री प्रसाद, सभापति श्री सोनी व आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन्हें पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया, जिन कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया, उनमें सहायक अभियंता सुनील टांडे, सहायक कार्यालय अधीक्षक रामेश्वर कंवर, सहायक ग्रेड.–03 आभा सिंह, सहायक राजस्व निरीक्षक मनहरण नेताम, मुकेश दास महंत, रथराम राठौर, स्वच्छता पर्यवेक्षक गिरवर विश्वकर्मा एवं उत्तम दास आदि शामिल हैं।

इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, सुखसागर निर्मलकर, सुनीता राठौर, पालूराम साहू, पार्षद संतोष लांझेकर, एल्डरमेन सनददास दीवान, रेखा त्रिपाठी, रामगोपाल यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, ममता अग्रवाल, निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, अखिलेश शुक्ला, भूषण उरांव, एन.के.नाथ, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, पवन वर्मा, पूर्व मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी राजबहादुर सिंह, अनिरूद्ध सिंह, रघुराज सिंह, सहायक लेखाधिकारी अशोक देशमुख, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सहायक अभियंता योगेश राठौर, रमेश सूर्यवंशी, निगम के सेवानिवृत्त अधिकारीगण सर्वश्री गिरीश साहू, एन.पी.देवांगन, जी.एस.शर्मा, डी.एस.बैस, बी. एल.राठौर, ए.एल.कैवर्त, अरूण मिश्रा, आनंद दुबे, हेमंत गभेल, नासीर सईद, प्रकाश निषाद, नीलाम्बर यादव, शंकर साहू, सरस देवांगन, रवि सिंह, कमल देवांगन, दीनदयाल साहू, हिमांशु राठौर, अरविंद सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।